# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

## दिनांक 02.07.2020

नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मानसून के आने के साथ ही अनेक वेक्टेरिया जनित संचारी रोगों के संकमण के बचाव हेतु संचारी रोग नियंत्रण के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सफाई अभियान चलाया जा रहा है।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत में युद्ध स्तर पर चल रहा हैं बड़े नालो एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य कराया जा रहा है ।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संकमण के बचाव के लिये नगर निगम सीमान्तर्गत प्रतिदिन सफाई का कार्य साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।

1– वर्तमान में कोविड–19 के संक्रमण के साथ–साथ मानसून आ जाने के कारण अनेक वेक्टरजनित संचारी रोगो के संक्रमण की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण तथा उपचार एवं संभावित संक्रमण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किये जाने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ नगर निगम सीमान्तर्गत यथोचित कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके दृष्टिगत मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग लखनऊ के निर्देशो के अन्तर्गत नगर निगम सीमान्तर्गत सफाई एवं नाले,नालियो सफाई की समुचित व्यवस्था नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार की जा रही है। संचारी रोग नियत्रंण हेतु नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 02.07.2020 को मो0 निसरजई में अपनी उपस्थित में विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण हेतु दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचति सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने हेतु भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन एवं नियंत्रण हेतु नगर निगम सीमान्तर्गत निम्नांकित अधिकारियो जोनल अधिकारी नामित किया गया है:–

1. श्री आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त,जोनल अधिकारी जोन–01
2. श्री विशुद्धा नन्द द्विवेदी,महाप्रबन्धक (जल),जोनल अधिकारी जोन–02
3. श्री दिनेश चन्द्र सचान,मुख्य अभियन्ता,(सिविल) जोनल अधिकारी जोन–03
4. श्रीमती आरती सिंह,मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, जोनल अधिकारी जोन–04
5. श्री चन्द्रपाल मौर्य, लेखाधिकारी, जोनल अधिकारी जोन–05
6. श्री मोद नरायण झा, अधिशासी अभियन्ता (सिविल), जोनल अधिकारी, जोन–06
7. श्री भूपेन्द्र सिंह, कर निर्धारण अधिकारी, जोनल अधिकारी, जोन–07

Generated by CamScanner

2–नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नियमित रूप से सफाई का कार्य किया जा रहा है। सफाई जोन–02 में बहादुरपुरा में संगिनी मैरिज लॉन के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री प्रेम शंकर की देखरेख में सफाई का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड–19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

3– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आज दिनांक 02.07.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य मानूजई,आवास विकास कालोनी, बरेली मोड़, घूरन तलैया, बी0एस0 पब्लिक स्कूल, रैन बसेरा, कचहरी, जज साहब का बंगला, दुर्घटना न्यायालय, खिरनीबाग, सराय, लाला तेली बजरिया, रामनगर कालोनी, दिलाजाक, आदर्श नगर कालोनी, आई0टी0आई0 कालोनी, आई0टी0आई0 कालेज, बालिका गृह, हथौड़ा बुजुर्ग, कटिया टोला में कराया गया एवं **फागिंग का कार्य**– आवास विकास कालोनी, बरेली मोड़, मानूजई, घूरन तलैया, बी0एस0 पब्लिक स्कूल, रैन बसेरा, मुमुक्ष आश्रम, पालीटेक्निक, आफीसर्स कालोनी, सैनिक कालोनी, शान्तीपुरम कालोनी, कटिया टोला में कराया गया।

कल दिनांक 03.07.2020 को रोस्टर के अनुसार निसरजई, महमंद जलालनगर, सुभाषनगर, प्रोफेसर कालोनी, झण्डाकलां, ताजूखेल, काजीखेल, मुल्लाखेल, कटियाटोला, बाडूजई प्रथम, ता0 टिकली, तारीन, चौकआला खाँ, अण्टा, बाबूजई, मोहम्मदजई, बक्सरियां, कूचा लाला, मस्जिदगंज, आफरीदी, मुजफ्फरगंज, वजीरगंज, दलेलगंज, अहमदपुर नियाजपुर आई0टी0आई. कालोनी मण्डी समिति में कराया जायेगा।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।

Generated by CamScanner